हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 18 जुलाई 2025
सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 महेंद्र सागर तालाब में वॉटर स्पोर्ट्स की हुई धमाकेदार...



07 जिस मरीज़ को एम्स से लौटाया, उसका जिला ...



## खबर संक्षेप

### खुरई क्षेत्र में वृहद पौधारोपण आज

**सागर।** खुरई नगर में आयोजित 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत शासकीय माडल स्कूल में 18 जुलाई पौधरोपण कार्यक्रम माँ नर्मदा के कृपापात्र पूज्य संतश्री समर्थ सद्गुरु 'दादागुरू' का परम सानिध्य प्राप्त होगा एवं विधायक व पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा । धनौरा मण्डल में आयोजित पौधरोपण अभियान में गौशाला गढ़ौलाजागीर, ग्राम बलोप, धनौरा हाईस्कूल व गोलनी माध्यमिक शाला में आयोजित पौधरोपण अभियान कार्यक्रम में सरोज भूपेन्द्र सिंह शामिल होंगी। बांदरी मण्डल के अटाटीला, बांदरी शास. महा विद्यालय, रजौआ बालाजी मंदिर के पास, सागौनी, भरका बब्बा पिठौरिया एवं मुहली पिठौरिया में पौधरोपण कार्यक्रम में सतेन्द्र सिंह बामोरा, खुरई ग्रामीण मण्डल के भीलोन पंचायत, बरोदियानौनागर खेल मैदान, महूनाजाट माता मंदिर के पास, खजराहरचंद पंचायत भवन प्रांगण, हनौता बांध क्षेत्र के पास, लखन सिंह बामोरा, बरोदियाकलां मण्डल के प्रेमपुरा प्रांगण, शासकीय हाईस्कूल बरोदियाकलां, संजीवनी अस्पताल बरोदियाकलां, मृगावली, ढ़डली, मड़ावनपायक, मड़ावन गौरी एवं मडैय़ामाफी मंदिर परिसर में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में अशोक सिंह बामोरा एवं मालथौन मण्डल अन्तर्गत मालथौन शासकीय महाविद्यालय में पौध रोपण कार्यक्रम और बस स्टैंड परिसर में आयोजित संकल्प सभा में युवा नेता अविराज सिंह, विशेष अतिथि रहेंगे और एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल होकर उत्साहवर्धन करेंगें। सभी पंचायतों में शामिल ग्रामों, वार्डों व उनमें शामिल मुहल्ले, स्कूलों, अस्पतालों, आंगनवाड़ी केन्द्रों, शासकीय एवं न्यायालय परिसरों, स्टेडियम व अन्य स्थानों पर कार्यक्रम होंगे। सभी पौधरोपण स्थलों सहित पंचायत वार्डों गांवों मुहल्लों में प्रभारी बनाए गए हैं।

### बारिश में सावधानी अपनाएं सुरक्षित जगह पर ही रहें

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा नागरिकों से आंधी, बिजली और बारिश के दौरान सावधानी बरतने की अपील की गई है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि बारिश के दौरान एवं जल भराव होने की स्थिति में पुल-पुलियों और रपटों पर पानी होने पर उन्हें पैदल या वाहन से पार न करें, बिजली के उपकरणों से दूरी बनाकर रखें और जरूरी खाद्य सामग्री तैयार रखें। स्थानीय समाचार चैनल या अन्य माध्यम से जानकारी लेते रहें और बाहर जाने से बचें ताकि किसी भी तरह की अनहोनी से बचा जा सके।साथ ही बारिश में पूरी सावधानी बरतें। आसमानी बिजली, आंधी-तूफान से खुद को बचाएं।









# सागर नगर निगम ने रचा इतिहासः स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 प्रतियोगिता में टॉप 10 में आकर देश में बनाई पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्रतिवर्ष होने वाली प्रतियोगिता में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के घोषित परिणामों ने सागर नगर को एक नई ऊँचाई पर पहुँचा दिया है। इस वर्ष सागर नगर ने राष्ट्रीय स्तर पर 10 वीं रैंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है जो नगर के लिए गर्व का विषय है। इससे पूर्व नगर निगम सागर ने 70 वीं रैंक प्राप्त की थी लेकिन इस वर्ष नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के अथक परिश्रम और महापौर संगीता सुशील तिवारी, निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार एवं सभी वार्डों के पार्षदों के सहयोग एवं मार्गदर्शन से पहली बार सागर नगर निगम ने देश में 10 वीं रैंक हासिल कर इतिहास रच दिया है। वर्तमान में नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के कार्यभार संभालते ही सागर में स्वच्छता की दिशा में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ।

उन्होंने न केवल योजनाओं को कागजों से निकालकर ज़मीनी स्तर पर उतारा, बल्कि नगर के जनप्रतिनिधियों समाजसेवियों और आम नागरिकों को भी इस अभियान का अभिन्न हिस्सा बनाया खत्री के नेतृत्व में नगर निगम अधिकारियों-कर्मचारियों, सफाई मित्रों और स्वयंसेवी संगठनों ने मिलकर जिस तरह से कार्य किया, उसने पूरे शहर में स्वच्छता के प्रति एक जनआंदोलन का रूप ले लिया और लोगों का स्वच्छता के प्रति व्यवहार में बदलाव आया।

### प्रशासनिक और सामूहिक सहयोग की मिसाल

खत्री ने अपने कार्यकाल में जनभागीदारी से स्वच्छता का मंत्र देते हुए न केवल अपनी टीम को प्रेरित किया, बल्कि नागरिकों को भी सशक्त रूप से जोड़ा। घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया गया, स्कूलों और कॉलेजों में प्रतियोगिताएं कराई गईं, बाजार क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाए गए और सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया गया। नगर निगम ने शहर को प्लास्टिक मुक्त, कचरा मुक्त और हरित क्षेत्र बढ़ाने की दिशा में विशेष प्रयास किए। जगह-जगह डस्टबिन, सूखा और गीला कचरा पृथक्करण, नालियों की नियमित सफाई, स्वच्छता वॉल पेंटिंग, कूड़ा निस्तारण संयंत्रों का नियमित संचालन जैसी योजनाएं प्रभावी रूप से लागू की गईं।

### नागरिकों की भूमिका

बदलाव की असली ताक़त किसी भी अभियान की सफलता तभी संभव है जब उसमें आमजन का पूर्ण सहयोग प्राप्त हो। सागर में यह सहयोग सिर्फ अपेक्षित नहीं था, बल्कि अभूतपूर्व रहा। लोगों ने न केवल अपने घर और मोहल्लों को साफ-सुथरा बनाए रखा, बल्कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने में भी आगे आए।

### निगमायुक्त ने प्रारंभ किये नवाचार

निगमायुक्त राजकुमार खत्री के मार्गदर्शन में विभिन्न अभियानों के माध्यम से नागरिकों को यह अहसास कराया गया कि स्वच्छता सिर्फ सरकार या नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिये नवाचार प्रारंभ किये, जिनमें स्वच्छता की गागर-अपनो सागर, कचरा खुद बोलेगा मै, किसका हूॅ, सागर का सुकुन, शहर के विभिन्न आयोजनों में प्लास्टिक मुक्त जीरो वेस्ट इवेन्ट एवं चकराघाट पर गंगा आरती की शुरूआत कर शहर के नागरिकों को स्वच्छता से जोड़कर सागर की ऐतिहासिक झील सहित शहर को स्वच्छ रखने के लिये प्रेरित किया। कई नागरिकों और स्वयंसेवी समूहों ने अपने स्तर पर श्स्वच्छ सागर के लिए पहल की। स्कूलों के बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी ने इस आंदोलन में भाग लिया।

## स्वच्छ सर्वेक्षण में खुरई नगर पालिका प्रदेश में नंबर वन और देश में 7वां स्थान



**सागर।** भारत सरकार के केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा कराए गए ताजा स्वच्छ सर्वेक्षण में 50 हजार से एक लाख तक की जनसंख्या वाली कैटेगरी में सागर जिले की खुरई नगरपालिका को प्रदेश में नंबर वन तथा देश में 7 वां स्थान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के सागर बामोरा कार्यालय में आतिशबाजी और मिष्ठान वितरण के साथ खुशी मना कर उन्हें बधाई दी। ताजा स्वच्छ सर्वेक्षण के आज घोषित परिणामों में खुरई नगरपालिका ने उक्त दो कैटेगरी के अलावा और भी उपलब्धियां हासिल की हैं। सर्वेक्षण में खुरई नगरपालिका को गार्बेज फ्री (कचरा मुक्त) थ्री स्टार रेटिंग मिली है और ओडीएफ डबल प्लस सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ है। प्रदेश की एक लाख से अधिक आबादी वाली सभी बड़ी नगरपालिकाओं के साथ समेकित करने पर खुरई नगरपालिका को आठवीं रैंक प्राप्त हुई है। पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने इस उपलब्धि के लिए खुरई क्षेत्र के सभी नागरिकों को बधाई देते हुए कहा है कि हमारी खुरई ने अपनी एकता और समवेत प्रयासों से यह लगातार सिद्ध किया है कि यदि पवित्र उद्देश्य के लिए संकल्प किया जाए तो उसे पूरा होने में ईश्वर और प्रकृति भी सहयोग करने लगते हैं। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय आवासन व शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह खुरई विधानसभा क्षेत्र से लगातार तीसरी बार विधायक हैं। उन्होंने यहां का जनप्रतिनिधित्व जब संभाला था तब खुरई नगर गंदगी और सूअरों की बहुतायत से भरा अस्त व्यस्त शहर था। यहां की नगरपालिका के पास न बजट था न संसाधन। ऐसे बेतरतीब शहर को संसाधनों से लैस करने, योजनाबद्ध विकास करने, सिविक सेंस जागृत करने, स्वच्छता व पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के प्रयास करके पूर्व मंत्री सिंह ने स्थानीय नागरिकों के सहयोग से अपने विधानसभा क्षेत्र के मुख्य शहर खुरई को प्रदेश की नंबर वन नगरपालिका बना दिया। प्रदेश में नियोजित विकास के मॉडल के रूप में खुरई का उदाहरण दिया जाने लगा और पिछले लगातार कई वर्षों से स्वच्छता सहित अनेक सर्वेक्षणों में खुरई को आदर्श नगरपालिका का स्थान मिलने लगा है।

# घर से लापता हुई 20 वर्षीय युवती को पुलिस ने दिल्ली से दस्तयाब किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा



गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र से घर से लापता हुई 20 वर्षीय युवती को पुलिस ने दिल्ली से दस्तयाब कर लिया है। गुरुवार को पुलिस उसे सागर लेकर पहुंची, जहां बयान दर्ज करने के बाद एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जा रहा है। युवती को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। 15 जुलाई को पीड़ित पिता ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी कि 14 जुलाई की रात बेटी मां से शौच जाने की कहकर घर से निकली, लेकिन वापस नहीं लौटी।

परिजनों ने आसपास तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चला। कॉल डिटेल से खुला राज, दिल्ली में मिली लोकेशन जांच में जुटी पुलिस ने युवती के मोबाइल की कॉल डिटेल खंगाली और लोकेशन दिल्ली की मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने दिल्ली जाकर दबिश दी और युवती को सुरक्षित बरामद कर लिया। युवती को गढ़ाकोटा लाकर बयान दर्ज किए गए।

बयान में युवती ने बताया कि उसकी अरमान खान (25), निवासी कुमरई से पहले से पहचान थी और दोनों मोबाइल पर बातचीत करते थे। युवक दो महीने पहले दिल्ली चला गया था और वहीं से उसने युवती को बुलाया था। पुलिस ने युवती के बयान के आधार पर आरोपी अरमान खान के खिलाफ दुष्कर्म और अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया ।




## कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त, छापेमार कार्रवाई में 800 बोरी उर्वरक जब्त

# एसडीम, तहसीलदार व कृषि अधिकारियों ने सहजपुर रोड स्थित फर्म पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलां

क्षेत्र में खरीफ सीजन के बीच चल रहे खाद संकट को लेकर किसानों में बढ़ रही नाराजगी को लेकर अब प्रशासन एक्शन की स्थिति में है। बुधवार सायं एसडीएम, तहसीलदार एवं कृषि अधिकारियों ने राजस्व विभाग, कृषि विभाग एवं पुलिस अमले के साथ सहजपुर रोड स्थित एक फर्म पर छापामार कार्रवाई कर 800 बोरी उर्वरक जब्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा खाद के जमाखोरों एवं कालाबाजारियों पर कार्रवाई के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए देवरी एसडीएम मुनव्वर खान राजस्व, कृषि विभाग एवं पुलिस अमले के साथ छापामार कार्रवाई कर बड़ी मात्रा में डीएपी, एस.एस.पी. एवं पोटाश जब्त किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुघवार शाम की गई इस कार्रवाई में प्रशासनिक अमले ने सहजपुर रोड स्थित फर्म सुरेश कुमार तनय दरबारी लाल जैन की दूकान की गोदाम से 800 बोरी डीएपी, एसएसपी एवं पोटाश खाद जब्त किया। उक्त फर्म हर्षित जैन पिता सुरेश जैन की बताई गई है।

### कहाँ से आया खाद कोई रिकार्ड नही

प्रशासनिक कार्रवाई में एक बार फिर खाद भंडारण एवं वितरण व्यवस्था बेनकाब हुई है, कार्रवाई में अधिकृत फर्म से बड़ी मात्रा में बरामद खाद की किसी भी प्रकार की कोई आवक रसीद एवं संबंधित ऐजेंसी की कोई भी जानकारी फर्म संचालक उपलब्ध कराने में असफल रहे। अधिकारियों ने मौका स्थल पर पाया कि शासन के निर्देशानुसार पीओएस मशीन में भी भंडारित खाद की किसी भी प्रकार की ऐन्ट्री नही की गई थी जो कि अनिवार्य है। मौके पर अधिकारियों द्वारा पूछे जाने पर भी फर्म संचालक खाद प्राप्त होने का स्त्रोत या उससे संबंधित दस्तावेजों की जानकारी देने या उपलब्ध कराने में पूर्णतः असफल रहे। जांच में फर्म की आवक पंजी एवं स्टॉक पंजी भी उपलब्ध नही पाई गई साथ ही फर्म में भंडरित खाद की मात्रा एवं उसके निर्धारित दर संबंधी रेट लिस्ट भी चस्पा नही पाई गई।

### प्रशासन ने सील किया भंडार कक्ष

प्रशासन की छापामार कार्रवाई में बड़ी मात्रा में अवैध रूप से भंडारित खाद की बरामदगी के बाद अधिकारियों द्वारा संबंधित फर्म के भंडार केन्द्र को सील कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भंडार केन्द्र में छापामार कार्रवाई में अलग अलग कमरों में भंडारित लगभग 800 बोरी डीएपी, एसएसपी एवं पोटाश की बोरिया बरामद की गई है। अधिकारियों द्वारा उनके प्राप्त स्त्रोत एवं उनकी गुणवत्ता प्रमाण संबंधी जांच की जाएगी।

### इनका कहना है

कार्रवाई के संबंध में देवरी एसडीएम मुनव्वर खान ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर अवैध खाद भंडारण एवं कालाबाजारी के विरूद्ध प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत संबंधित फर्म का औचक निरीक्षण किया गया था जिसमें भंडार केन्द्र से लगभग 800 बोरी उर्वरक का अवैध भंडारण पाया गया है। मामले संबंधित फर्म के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**खबर संक्षेप**



## बीएलओ और पर्यवेक्षकों का त्रिस्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

**टीकमगढ़।** मतदाता सूची को पूरी तरह सटीक, पारदर्शी और अद्यतन रखने के उद्देश्य से टीकमगढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 43 में बूथ स्तर के अधिकारियों और पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण 14 जुलाई से 16 जुलाई तक उत्सव भवन टीकमगढ़ में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संचालन जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन और प्रभारी एसडीएम एस.के. तोमर के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण में भाग संख्या 1 से 265 तक के सभी बूथों के बीएलओ और पर्यवेक्षकों को अलग-अलग दिनांक में बुलाकर क्रमशः आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उन्हें मतदाता सूची से नाम जोड़ने, हटाने, संशोधन करने, निवास परिवर्तन जैसी तमाम प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना और यह सुनिश्चित करना था कि कोई भी पात्र नागरिक नाम दर्ज कराने से वंचित न रह जाए। मास्टर प्रशिक्षकों ने अपने अनुभव और ज्ञान से उपस्थित कर्मचारियों को कार्य के व्यावहारिक पक्षों से अवगत कराया और उनकी समस्याओं का समाधान भी मौके पर किया। कार्यक्रम में जिले के शैक्षणिक संस्थानों के प्राचार्य एवं व्याख्याता स्तर के प्रशिक्षकों ने सहभागिता निभाई, जिन्होंने प्रशिक्षण कार्य को पूरी गंभीरता और सरलता से पूर्ण कराया।

## पुलिस का नशे के खिलाफ जनजागरण अभियान




**टीकमगढ़।** पुलिस द्वारा प्रदेश स्तरीय नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत जिलेभर के विद्यालयों में नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। थानों और चौकियों के प्रभारी अधिकारी स्वयं स्कूलों में पहुंचे और बच्चों को व्याख्यान के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान लघु फ़िल्मों, सोशल मीडिया वीडियो और रील्स के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। अभियान के अंतर्गत सभी छात्रों और शिक्षकों को नशामुक्त समाज की शपथ भी दिलाई गई। पुलिस टीमों ने विद्यालय परिसरों के आसपास की दुकानों का निरीक्षण किया और तंबाकू-सिगरेट जैसे नशे के उत्पादों की बिक्री पर रोक लगाने हेतु सख्त हिदायतें दीं।

### 12 और 8 सीटर बोट से लेकर वॉटर बाइक तक उपलब्ध, पर्यटन को मिलेगा नया आयाम

# महेंद्र सागर तालाब में वॉटर स्पोर्ट्स की हुई धमाकेदार शुरुआत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

ऐतिहासिक महेंद्र सागर तालाब में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के अथक प्रयासों के चलते अब पानी की लहरों पर रोमांच बिखरेगा। क्योंकि कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जिलेवासियो को एक और सौगात देते हुए जिले में पहली बार वॉटर स्पोर्ट्स की औपचारिक शुरुआत की गई है। जिसके तहत बोटिंग और वॉटर बाइकिंग की सुविधाएं पर्यटकों के लिए शुरू की गई हैं। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय पर्यटन को नया जीवन देना है और जिले को प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों की सूची में शामिल करना भी मुख्य उद्देश्य है। जिससे जिले में पर्यटन के क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

**वर्षा बनी वरदान, तालाब पूरी तरह लबालब**



महेंद्र सागर तालाब इस समय पूरी तरह से जलमग्न है, जिसका मुख्य कारण जिले में हुई अभूतपूर्व वर्षा है। 1 जून से 16 जुलाई तक जिले में 32.9 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई है, जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि की 10.8 इंच वर्षा से लगभग 22 इंच अधिक है। विशेष रूप से टीकमगढ़ तहसील में सर्वाधिक 1133 मिमी 45 इंच से अधिक वर्षा हुई है, जबकि जिले का औसत वर्षा मानक 1000 मिमी है। टीकमगढ़ और पलेरा तहसीलों में अब तक 1000 मिमी से अधिक वर्षा दर्ज की जा चुकी है।

### पर्यटन के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की बिशेष पहल के बाद ही यह योजना अस्तित्व में आई है। बीते सप्ताह उन्होंने जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर वॉटर स्पोर्ट्स की कार्ययोजना पर मुहर लगाई थी। योजना के तहत तालाब के आसपास के क्षेत्र को भी सुव्यवस्थित किया जा रहा है, ताकि पर्यटकों को एक समग्र अनुभव मिल सके।

### झांसी की निजी कंपनी को मिला कार्य

इस रोमांचकारी शुरुआत के तहत झांसी की एक निजी कंपनी ने महेंद्र सागर तालाब में चार आधुनिक बोटें तैनात की हैं, जिनमें 12 सीटर और 8 सीटर बोट के साथ-साथ वॉटर बाइक की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। ये सभी सुविधाएं निर्धारित शुल्क पर आम नागरिकों और पर्यटकों के लिए सुलभ होंगी। जिससे आम इंसान भी अपने परिजनों के साथ वॉटर बाईक का लुफ्त उठा सकेंगे।

### पर्यटन और रोजगार दोनों को मिलेगा बढ़ावा

इस नवाचार से न केवल जिले में स्थानीय रोजगार के अवसर सृजित होंगे, बल्कि बाहरी पर्यटकों को आकर्षित कर आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी। कलेक्टर श्रोत्रिय ने संकेत दिए हैं कि भविष्य में कैंपिंग, नाइट बोटिंग और फूड कोर्ट जैसी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।

# देवेन्द्र सेन को मिली भाजपा नगर महामंत्री की जिम्मेदारी


**टीकमगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता देवेन्द्र गोरेलाल सेन को नगर मंडल का महामंत्री नियुक्त किया गया है। यह दायित्व उन्हें मंडल अध्यक्ष नरेश तिवारी द्वारा सौंपा गया। देवेन्द्र सेन वर्ष 2008 से भाजपा संगठन में सक्रिय हैं और पूर्व में उपाध्यक्ष पद पर भी अपनी भूमिका निभा चुके हैं। संघ से जुड़ाव रखने वाले सेन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और बजरंग दल के बाल स्वयंसेवक के रूप में भी वर्षों से सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों में भागीदारी करते आए हैं। महामंत्री पद पर नियुक्ति के बाद देवेन्द्र सेन को पार्टीजनों एवं शुभचिंतकों द्वारा लगातार बधाइयाँ मिल रही हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक राकेश गिरी, विधायक राहुल सिंह लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता सिंह, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष लक्ष्मी गिरी,




जिला महामंत्री अश्विनी चढ़ार, पूर्व जिला महामंत्री प्रत्येन्द सिंघई, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित वैशाखिया, मनोज देवरिया, रितेश भदौरा, अंकित सिंह तोमर, विनय सेन, महेश गिरी, प्रकाश यादव, शक्ति दौदेरिया, अनिरुद्ध यादव, नीरज अहिरवार, राजेन्द्र मिश्रा, पूरन सिंह लोधी, आशुतोष भट्ट सहित अनेक पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता की फर्जी नियुक्ति की हुई शिकायत, गलत जानकारी देकर पाए पद की उच्चस्तरीय जांच की मांग

**टीकमगढ़।** जिले के उपस्वास्थ्य केंद्र टीला, तहसील खरगापुर में पदस्थ बहुद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता ज्ञान प्रकाश दीक्षित की नियुक्ति को लेकर गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। ग्राम छिदारी निवासी पुष्पेन्द्र दीक्षित



द्वारा जिला कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि ज्ञान प्रकाश दीक्षित ने फर्जी तरीके से होशंगाबाद जिले के रोजगार कार्यालय में स्वयं को पंजीकृत कराया और गलत जानकारी के आधार पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता पद हेतु प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिकायतकर्ता पुष्पेंद्र के अनुसार ज्ञान प्रकाश ने अपने गृह जिले टीकमगढ़ के बजाय होशंगाबाद जिले में आवेदन कर वरिष्ठता सूची में हेराफेरी करते हुए अपना नाम शामिल कराया और बाद में अधिकारियों को गुमराह कर एमपीडब्ल्यू (पुरुष) पद पर नियुक्ति प्राप्त की। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि इसी प्रकार की कई फर्जी नियुक्तियां टीकमगढ़ जिले में पूर्व में भी सामने आ चुकी हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुष्पेन्द्र दीक्षित ने इस नियुक्ति को फर्जी और अनियमित बताते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संदर्भ में जिला प्रशासन द्वारा अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह मामला जिला स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

**बारिश की रफ्तार धीमी होने से बढ़ रही चिंता**

# धसान नदी की घटती धार ने घटाया जलस्तर, सभी गेट बंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

बादल थमे, धसान की धार थमी बान सुजारा बांध की झील अब शांत, पर चिंता गहराती जा रही है। तीन दिन की मौन बारिश ने जिले की धड़कनों में एक ठहराव-सा ला दिया है। धसान नदी का बहाव धीमा पड़ते ही बान सुजारा बांध की उम्मीदें भी ठंडी पड़ गईं। बांध प्रबंधन ने गुरुवार सुबह सभी 12 गेट बंद करके एक संकेत दिया है कि अब बाँध के पानी में वो धारा नहीं रही जो बीते सप्ताह उफान पर थी।

एसडीओ आरएस सेजवार की मानें तो 17 जुलाई की सुबह तक जलस्तर सिर्फ 312.60 मीटर रहा। जबकि यह बांध 316.50 मीटर तक सांसें भर सकता है। फिलहाल इसकी भराव स्थिति 45.68% पर सिमटी हुई है। तुलना करें तो पिछले साल आज के दिन ये स्तर और भी नीचे, 310.70 मीटर था। यानी चिंता भी है, और उम्मीद भी। लेकिन आंकड़ों से परे बात करें तो जिले की जमीन पर पसीने की बूंदें दिखने लगी हैं। बीते 24 घंटों में औसत बारिश सिर्फ 6.9 मिमी रही। जतारा में जहां कुछ राहत दिखी, वहीं बड़ागांव धसान, बल्देवगढ़ और मोहनगढ़ में बादलों ने मुंह फेर लिया। हालांकि अब तक की कुल वर्षा 842 मिमी को पार कर चुकी है। जो बीते साल के मुकाबले कहीं बेहतर है। यह कहना गलत नहीं होगा कि इस बार ह्यशुरुआत अच्छी थी, लेकिन सिलसिला धीमा पड़ा है। अब सवाल ये है कि क्या यही ठहराव लंबा खिंच जाएगा? क्या जल स्रोतों की प्यास फिर अधूरी रह जाएगी? या फिर बादल लौटेंगे... और बान सुजारा फिर से जीवन की धारा बनकर बहेगा?

**एसपी मंडलोई के नेतृत्व में पुलिस निरंतर बन रही मददगार**

# अचेत बुजुर्ग को अस्पताल में इलाज कराकर घर तक पहुंचाया सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पुलिस अगर संवेदनशील हो तो उसकी वर्दी डर नहीं, भरोसे की प्रतीक बन जाती है। टीकमगढ़ जिले में चल रहा ह्यहेल्पिंग हैंडद्ध अभियान अब जनसेवा की नई परिभाषा गढ़ रहा है। इसी कड़ी में दिगोड़ा थाना पुलिस ने एक बार फिर अपनी सजगता और इंसानियत से दिल जीत लिया।

### हालत में आया सुधार

16 जुलाई को बमहोरी खास गांव के पास एक बुजुर्ग अचेत अवस्था में सड़क किनारे पड़े मिले। सूचना मिलते ही दिगोड़ा थाने की टीम मौके पर पहुंची और बिना देर किए उन्हें पास के स्वास्थ्य केंद्र लेकर गई। समय पर इलाज मिलने से उनकी हालत में सुधार आया। होश में आने पर उन्होंने अपना नाम पुनू केवट बताया। इलाज के बाद पुलिस ने न केवल उन्हें घर पहुंचाया, बल्कि पूरे रास्ते उनका पूरा ध्यान भी रखा। एसपी मंडलोई के नेतृत्व में जिला पुलिस का चेहरा बदल रहा है। अब पुलिस सिर्फ कानून ही नहीं बल्कि



इंसानियत का भी ख्याल रख रही है। जिला पुलिस ने इस अभियान को केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि इंसानियत का फर्ज समझकर अपनाया है। अब तक जिले में कई जरूरतमंदों को मदद पहुंचाई जा चुकी है। चाहे कोई रास्ता भटक गया हो, दुर्घटना में घायल हो या संकट में फंसा हो। इस घटना ने एक बार फिर साबित किया कि टीकमगढ़ पुलिस सिर्फ अपराध पर अंकुश नहीं लगा रही, बल्कि समाज में भरोसे और सुरक्षा की नींव भी मज़बूत कर रही है।

***लोगों को मिले गुणवत्तापूर्ण ईंधन व बुनियादी सुविधाएं***

# अनंतपुरा पेट्रोल पंप की जिला आपूर्ति अधिकारी ने की जांच



**टीकमगढ़।** कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के आदेश पर मंगलवार को अनंतपुरा स्थित श्रीकृष्णा ऑटोमोबाइल पेट्रोल पंप की व्यापक जांच की गई। इस निरीक्षण का नेतृत्व जिला आपूर्ति अधिकारी कुलदीप मौर्य ने किया। जांच के दौरान पंप पर उपलब्ध सुविधाओं, ईंधन की गुणवत्ता और उपभोक्ता हित से जुड़े तमाम बिंदुओं की गहराई से समीक्षा की गई। जांच के दौरान पेट्रोल और डीजल का स्टॉक, प्रदाय मात्रा, शौचालय की स्वच्छता, पीने के पानी की उपलब्धता, और वाहनों के लिए हवा भरने की सुविधा की स्थिति का अवलोकन किया गया। इस निरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि आम नागरिकों को पंप पर हर बुनियादी सुविधा समय पर और गुणवत्तापूर्वक उपलब्ध हो। इस मौके पर पेट्रोल पंप के प्रबंधक मौके पर उपस्थित रहे, जिनके समक्ष ही निरीक्षण की प्रक्रिया संपन्न की गई। पंप प्रबंधन को आवश्यक सुधारों और व्यवस्थाओं के लिए सख्त निर्देश दिए गए, साथ ही चेतावनी दी गई कि अगली बार लापरवाही मिलने पर नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण दल में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ललित मेहरा एवं सार्थक तिवारी भी शामिल रहे, जिन्होंने निरीक्षण संबंधी सभी गतिविधियों का दस्तावेजीकरण किया। प्रशासन की इस सख्ती से पेट्रोल पंप संचालकों में स्पष्ट संदेश गया है कि अब उपभोक्ता सुविधाओं में लापरवाही या मानकों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियमित जांच के माध्यम से व्यवस्था को पारदर्शी और जवाबदेह बनाए रखने की दिशा में यह एक अहम कदम माना जा रहा है।

**एसपी मंडलोई ने बताई सावधानियां और अधिकारियों को दिए निर्देश**

# नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने मानसून सुरक्षा परामर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

वर्षा ऋतु के दौरान संभावित आपदाओं तथा पूर्व वर्षों में घटित घटनाओं के परिप्रेक्ष्य में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा मानसून सुरक्षा परामर्श निर्गत किया गया है। इस परामर्श के माध्यम से समस्त नागरिकों से आग्रह है कि वे किन किन सावधानियों का अक्षरशः पालन करें, जिससे जन-धन की क्षति से बचा जा सके। एसपी मंडलोई ने बताया कि जर्जर, क्षतिग्रस्त अथवा दरारयुक्त इमारतों, दीवारों या मकानों में निवास करने से परहेज़ करें। यदि भवन में सीलन, झुकाव अथवा दरार के संकेत दिखाई दें, तो संबंधित नगरीय निकाय अथवा प्रशासन को त्वरित सूचना प्रदान करें। भवनों में वर्षा जल की निकासी हेतु समुचित व्यवस्था बनाए रखें।

### विद्युत सुरक्षा संबंधी दिए निर्देश

एसपी मंडलोई ने बताया कि खुले विद्युत तार, ट्रांसफॉर्मर एवं विद्युत खंभों से उचित दूरी बनाए रखें। जलभराव की स्थिति में विद्युत उपकरणों के उपयोग से पूर्णतः परहेज़ करें। गीले हाथों से किसी भी प्रकार के स्विच बोर्ड, वायरिंग अथवा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को स्पर्श न करें।





**पुलिस अधीक्षक मंडलोई का नागरिकों के प्रति संदेश**

एसपी मंडलोई ने नागरिको को संदेश देते हुए कहा कि वर्षा ऋतु में उत्पन्न प्राकृतिक जोखिमों से सुरक्षित रहने हेतु प्रत्येक नागरिक का सजग एवं जागरूक रहना अनिवार्य है। जिला पुलिस नागरिकों की सुरक्षा एवं सेवा हेतु निरंतर संकल्पबद्ध है। सावधानी ही सुरक्षा का सर्वोत्तम साधन है। जिला पुलिस ने सुरक्षित मानसून, सुरक्षित समाज का नारा भी जनसंदेश में दिया है। जिसमे नागरिको को जागरूक करते हुए कहा गया है कि सावधानी अपनाएं, सुरक्षा सुनिश्चित करें।

बिजली उपकरणो से दूरी बनाकर रखे और सुरक्षा उपकरणो का इस्तेमाल करे। एसपी मंडलोई ने बताया कि मूसलधार वर्षा अथवा जलभराव की स्थिति में नालों, पुलों, जलमग्न गड्ढों एवं बहाव क्षेत्रों के समीप न जाएं।संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से समय रहते सुरक्षित स्थानों की ओर स्थानांतरित हो जाएं। जलभराव की स्थिति में अनावश्यक रूप से वाहन न चलाएं। तेज धार में परिवहन करने से बचें।

### आकाशीय बिजली से सुरक्षा उपाय

बिजली चमकने अथवा गर्जन की स्थिति में खुले मैदान, खेत, ऊँचाई, वृक्षों के नीचे या किसी धातु संरचना के समीप न रुकें। यदि आप खुले में हैं, तो घुटनों के बल झुककर, सिर नीचे कर लें तथा शरीर का पृथ्वी से न्यूनतम संपर्क बनाए रखें। बालकों को नालियों, तालाबों, जलभराव वाले स्थलों अथवा क्षतिग्रस्त क्षेत्रों में खेलने से रोकें। वरिष्ठ नागरिकों के आवागमन हेतु अभिभावकगण अतिरिक्त सतर्कता रखें। पशुओं को खुले मैदान, वृक्षों के नीचे अथवा विद्युत यंत्रों के समीप न बांधें।मवेशियों के लिए सुरक्षित, समुचित छायायुक्त एवं शुष्क स्थल की व्यवस्था करें।

### जिला पुलिस द्वारा की जा रही प्रशासनिक पहलें

जिले में स्थित जर्जर भवनों, जलभराव संभावित क्षेत्रों एवं संवेदनशील स्थलों की नियमित निगरानी एवं चिन्हांकन। सभी थाना स्तर पर प्रशिक्षित वॉलेटियरों की तैनाती। नदी घाटों पर अस्थाई पुलिस चौकियों की स्थापना। आमजन को क्षेत्रीय स्तर पर आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा के संबंध में जागरूक करने हेतु प्रशिक्षण। स्थानीय प्रशासन, विद्युत विभाग, नगरीय निकाय तथा आपदा प्रबंधन दलों के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त निरीक्षण। रात्रि गश्त, क्षेत्रीय भ्रमण एवं संवेदनशील स्थलों पर सघन निगरानी की व्यवस्था। जन-जागरूकता हेतु मुनादी, सूचना पटल, डिजिटल माध्यम (व्हाट्सएप, सोशल मीडिया), एवं नदी घाटों या तटीय क्षेत्रों में आपदा के संबंध में सामुदायिक संवाद जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन। प्रत्येक थाना व चौकी स्तर पर आपातकालीन उत्तरदायी दल का गठन एवं सक्रियता।

### रघुनाथपुर के मजदूर कमल गौड़ के सड़ चुके फेफड़ों से ऑपरेशन कर निकाली एक किलो मवाद

# जिस मरीज़ को एम्स से लौटाया, उसका जिला अस्पताल में हुआ सफल ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मेडिकल कॉलेज श्योपुर में पदस्थ सर्जन डॉ बृजेन्द्र स्वरूप ने गुरुवार को जिला अस्पताल श्योपुर में रघुनाथपुर से आए एक मरीज का ऐसा सफल ऑपरेशन किया जो अपने आप में असंभव दिखाई दे रहा है। क्योकि उस मरीज को एम्स भोपाल से आपरेशन के दौरान मरीज़ के बचने की संभावना कम होने की बात कहते हुए लौटा दिया था। विशेष बात यह है कि जिला अस्पताल में अभी ऐसे जटिल ऑपरेशन करने के लिए संसाधन भी मौजूद नहीं हैं। संसाधनों की कमी के बावजूद इस तरह के जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक किया जाना श्योपुर जिला अस्पताल के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

जानकारी के मुताबिक कमल पुत्र रघुनाथ गौड़ निवासी रघुनाथपुर गंभीर अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल श्योपुर में भर्ती हुआ। मरीज की छाती और लीवर में भारी मात्रा में मवाद (पस) जमा हो गया था, जिससे उसकी स्थिति अत्यंत नाजुक हो गई थी। मरीज की ऑक्सीजन संतृप्ति 70 फीसद तक गिर चुकी थी, हिमोग्लोबिन भी 5 पाइंट रह गया था और ऑक्सीजन सपोर्ट पर भी उसे सांस लेने में कठिनाई हो रही थी। जान का खतरा बढ़ते देख, डॉ. बृजेन्द्र स्वरूप ने सांस की नली (एंडोट्रेकियल ट्यूब) का प्रयोग करते हुए छाती से 1 लीटर से अधिक मवाद निकाला, और यह पूरा ऑपरेशन बिना किसी बेहोशी के डॉक्टर की मदद के इमरजेंसी में किया गया।



### थ्री इडियट फिल्म की तरह किया ऑपरेशन

ऑपरेशन के दौरान डॉ बृजेंद्र स्वरूप को संसाधनों की कमी से भी जूझना पड़ा। जिसका जुगाड़ उन्होंने अस्पताल में ही मौजूद अन्य संसाधनों को ऑपरेशन लाइक बनाकर उसी तरह किया जिस तरह थ्री इडियट फिल्म में तीन दोस्तो ने जुगाड़ से संसाधनों का उपयोग करते हुए बिना साधन के क्रिटिकल डिलेवरी कराई थी। दर असल डॉक्टर को इस आपरेशन के लिए इंटरकोस्टल ड्रेनेज ट्यूब की जरूरत थी लेकिन वो जिला अस्पताल में मौजूद नहीं होने पर डॉ विजेंद्र स्वरूप ने "एंडोट्रेकियलसी ट्यूब" का उपयोग "इंटरकोस्टल ड्रेनेज ट्यूब" के रूप में किया। यह पूरे देश में अपनी तरह का इकलौता उदाहरण माना जा रहा है। आपरेशन के बाद मरीज़ को आईसीयू में शिफ्ट किया गया है जहां वह अभी भी चिकित्सकों की गहन निगरानी में है।

### मुंबई और भोपाल से लौटाया, श्योपुर में बचाई जान

मरीज कमल गौड़ की मां राम कन्या बाई ने बताया कि वह मुंबई में मजदूरी करता था टाइल्स और मार्बल की कटिंग करने से प्रदूषण उसके फेफड़ों में ऐसा जम गया कि फेफड़े खराब हो गए मुंबई के अस्पताल में एक दिन भर्ती रहने के बाद वह श्योपुर आ गया। श्योपुर जिला से उसे सवाई माधोपुर भेज दिया गया सवाई माधोपुर से मरीज को जयपुर मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया गया, जहां परीक्षण के चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए ऑपरेशन और इलाज से मना कर दिया। बाद में वह मेडिकल कॉलेज ग्वालियर पहुंचा जहां सभी विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों ने परीक्षण करने के बाद एम्स भोपाल में रेफर कर दिया। भोपाल में चार दिन भर्ती रहने के बाद चिकित्सकों ने यह कहते हुए जवाब दे दिया कि हालत बेहद गंभीर है फेफड़ों सड चुके हैं मवाद इतनी अधिक भर गई है कि निकाले जाने की स्थिति में मरीज की मौत टेबल पर हो सकती है, मवाद निकालने के बाद फेफड़े बचेंगे इसकी भी गारंटी नहीं है और उसे अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया बाद में श्योपुर पर पहुंचे मरीज ने डॉ बृजेन्द्र को बताया तो उन्होंने बता दिया कि ऑपरेशन तो हो जाएगा लेकिन इसमें रिस्क भी है मरीज के परिजनों ने पूरी जिम्मेदारी लेते हुए डॉक्टर से ऑपरेशन करने को कहा डॉ बृजेंद्र ने बिना संसाधन के भी जिला अस्पताल में यह चमत्कारिक ऑपरेशन कर मरीज की जान बचा दी।

### नागदा गांव में हुई वारदात, एसडीओपी और टीआई पहुंचे मौका मुआयना करने

# दीवार फोडकर घर में घुसे चोर, समेट ले गए 35 हजार नकदी सहित 60 हजार का माल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर से सटे नागदा गांव में बीती रात को चोरो ने एक मकान को निशाना बनाते हुए उसमें चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। दीवार फोडकर घर के अंदर घुसे चोर घर के अंदर से 35 हजार रूपए नगदी और जेवर समेत करीब 60 हजार रूपए का माल समेट ले गए। खास बात यह है कि चोरों ने घर में दाखिल होने के बाद सबसे उस दरवाजे को बाहर से रस्सी से बांध दिया, ताकि अंदर टीनेशेड में सो रहे लोग जागकर उनके पास नहीं आ सके। इसके बाद उस कमरे की अंदर से कुंदी लगा दी,जिसमें उनके द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घर के लोगों को इस चोरी की घटना का पता गुरूवार की सुबह नींद खुलने पर चला। इस मामले की सूचना मिलने पर एसडीओपी राजीव गुप्ता और कोतवाली टीआई दिनेश सिंह राजपूत मौके पर पहुंचे,जहां उन्होंने घटनास्थल का मौका मुआयना किया। पुलिस ने चोरी की एफआईआर दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम नागदा निवासी ओमप्रकाश 54 वर्ष पुत्र प्रभूदास बैरागी तथा उनकी पत्नी बुधवार की रात को भोजन करने के बाद टीनशेड में सो गए। उनके सोने के बाद चोर दीवार फोडकर उनके घर में दाखिल हो गए। चोरों ने पहले तो घर के मुख्य दरवाजे को बाहर से रस्सियों से बांध दिया। इसके बाद उस कमरे की अंदर से कुंदी लगा दी,जहां उन्होने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर कमरे में रखी अलमारी का ताला तोडकर उसमें रखे 4 चांदी के सिक्के, 1 जोडी सोने की झूमकी, एक जोडी चांदी की विछिया, 35 हजार रूपए नकदी समेट ले गए। ओमप्रकाश बैरागी को इस चोरी की घटना का पता गुरूवार की सुबह तब चला,जब उनके भाई का लडका विशाल बैरागी ने गेट बजाकर उन्हें जगाया और बाहर गेट पर बंधी रस्सी खोली। कमरे के अंदर की दीवार फूटी और अलमारी का सामान विखरा हुआ पडा देखकर उनकी समझ में आ गया कि उनके घर में चोरी हो गई। जिसके बाद इस मामले की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी गई।



### आंखो का ऑपरेशन कराने के लिए रख रखे थे 35 हजार

ग्राम नागदा निवासी ओमप्रकाश बैरागी ने बताया कि 35 हजार रूपए तो उन्होने अपनी पत्नी की आंखो का ऑपरेशन सवाईमाधोपुर के एक निजी नेत्र अस्पताल में कराने के लिए रख रखे थे। जो कि बैंक खाते से निकालकर लाए गए थे। ऐसे में उन्हें अपनी पत्नी की आंखो का ऑपरेशन कराने के लिए फिर से पैसों का इंतजाम करना पडेगा।

### मोगिया गैंग पर शक

चोरी की यह वारदात किसने अंजाम दी,इसका तो फिलहाल पता नहीं है। लेकिन पुलिस को अपनी प्राथमिक जांच के दौरान चोरी की इस वारदात को मोगिया गैंग के द्वारा अंजाम दिए जाने का शक लग रहा है। क्योंकि मोगिया गैंग अक्सर चोरी की वारदातों को इसी तरह अंजाम देती है। उधर एसपी वीरेन्द्र जैन ने इस मामले में कोतवाली पुलिस को इस चोरी की वारदात को जल्द ट्रेस करने के निर्देश दे दिए है। कोतवाली टीआई दिनेश सिंह राजपूत ने बताया कि चोरी की एफआईआर दर्ज कर चोरों का पता लगाना शुरू कर दिया।

# विभाग भूला टीएचआर का ट्रांसपोर्ट कराना, कार्यकर्ता खुद कर रहीं उठाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

आंगनबाड़ी केंद्रों पर 3 से 6 साल के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और किशोरी बालिकाओं को वितरण होने वाला सूखा पोषण आहार (टीएचआर) परिवहन ठेका नहीं होने के कारण आंगनबाड़ी केंद्रों तक नहीं पहुंच पा रहा है, जिसके कारण आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को टीएचआर उठाकर केंद्र तक ले जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन ने विभाग पर आरोप लगाए हैं कि वह कार्यकर्ताओं को अपने संसाधन से टीएचआर उठाव करने के लिए मजबूर कर रहे हैं जो कार्यकर्ता यह काम नहीं कर रही है उन्हें झूठे नोटिस दिए जा रहे हैं। हालांकि अफसर ऐसे सारे आरोप निराधार बता रहे हैं।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन की जिला अध्यक्ष राजकुमारी राजपूत ने बताया कि विभाग को आंगनबाड़ी केंद्र तक टीएचआर पहुंचने की जिम्मेदारी सरकार ने दी है और केंद्रों पर उन्हें वितरण करने की जिम्मेदारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की है। इस साल विभाग ने टीएचआर पहुंचाने के लिए टेंडर ही नहीं किए हैं। जिस ठेकेदार का पुराना टेंडर था उसने मार्च माह में अनुबंध समाप्त होने के बाद टीएचआर पहुंचाना बंद कर दिया है। जिसके चलते मार्च अप्रैल माह से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को ही जिला मुख्यालय से टीएचआर के बैग अपने साधन से उठाकर ले जाने पड़ रहे हैं। इस दौरान कुछ कार्यकर्ता टीएचआर उठाने में देरी कर देती है तो उन्हें नोटिस देकर उन पर दबाव बनाया जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे ही नोटिस कई कार्यकर्ताओं को दिए हैं जिनमें एक नोटिस मुझे भी दिया गया है नोटिस में उल्लेख किया गया है कि मेरे केंद्र पर कोई भी गतिविधि नहीं चलती है मैं अनुपस्थित रहती हूं जबकि जिस दिन का और समय का नोटिस दिया गया है उसे समय कार्यकर्ता ने सुपरवाइजर के साथ केंद्र पर न सिर्फ फोटो खींचा था बल्कि पोषण ट्रैकर एप के माध्यम से फोटो खींचकर उसे ऑनलाइन भी किया है जो दिखाई पड़ रहा है।



### कार्यकर्ताओं को मिल रहा है परिवहन भत्ता

भले ही विभाग ने टीएचआर उठाव के लिए टेंडर कराने में देरी कर दी हो लेकिन जो कार्यकर्ता स्टोर रूम से टीएचआर उठाकर ले जा रहे हैं उन्हें विभाग भाड़ा भी अलग से प्रदान कर रहा है महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा टीएचआर उठाव के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 150 रुपए भाड़ा प्रति क्विंटल टीएचआर के हिसाब से दिया जा रहा है।

### इनका कहना..

विगत 3 माह से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता स्टोर रूम से ही टीएचआर उठाकर आंगनबाड़ी केंद्र ले जा रही है। किसी भी कार्यकर्ता को कोई भाड़ा नहीं दिया गया है। जो कार्यकर्ता टीएचआर उठाव में देर कर रही है उन्हें झूठे नोटिस दिए जा रहे हैं मुझे भी ऐसा ही नोटिस दिया है मैं ऐसे मनमाने नोटिस के खिलाफ कोर्ट जाने पर विचार कर रही हूं।

**राजकुमारी राजपूत**
**जिलाध्यक्ष आंगनबाड़ी यूनियन (सीटू) श्योपुर**

# एबीवीपी ने दिया बीएड कॉलेजों की धांधली के खिलाफ ज्ञापन



**श्योपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने गुरुवार को जिलेभर में संचालित बीएड कॉलेजों में धांधली और व्याप्त अनियमितताओं को दूर करने को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। एबीवीपी के जिला संयोजक गणेश शर्मा ने बताया कि जिले भर में संचालित बीएड, डीएड कॉलेज में धांधली चल रही हैं शासन द्वारा निर्धारित फीस से कई गुना अधिक फीस वसूली जा रही है। गाइड लाइन के तहत इन कॉलेजों में कोई सुविधा विद्यार्थियों के लिए नहीं है। जिले में बीएड कॉलेज बिना बिल्डिंग बिना शिक्षक के संचालित हो रहे और फीस भी विद्यार्थीयों से अधिक करके वसूल रहे है विद्यार्थियों से उनके एडमिशन होने के बाद भी उनसे अन्य विषय पर उनसे पैसे वसूले जा रहे हैं प्रताड़ित किया जा रहा है। ज्ञापन देते समय कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि अगर पांच दिवस के अंदर जांच कमेटी बनाकर कार्यवाही नहीं की जाती थी विद्यार्थी परिषद पूरे जिले भर में उग्र आंदोलन करेगा। इस दौरान एबीवीपी के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सौरभ जाट, नगर मंत्री विष्णु वाल्मीकि, विभु शर्मा ,ध्रुव गर्ग ,राकेश जाट, मयंक मीणा , अभिषेक सिकरवार, शिवम भदोरिया , विकाश गुर्जर, अब्दुल दाऊदी, हंसराज गुर्जर,जतिन जाट,होत्तम जाट,गौरव शर्मा , आज़ाद गुर्जर,गौरव शर्मा,उदित शर्मा,संदीप जाट,सतेंद्र भारद्धाज सेन,रवि गुर्जर,अंकित गुर्जर,अंकित प्रजापति ,अंकित मीणा,मनीष मीणा ,विशाल सुमन,शुवाम वैष्णव ,अभिषेक गुर्जर,सुनील मीणा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 20 को होगा जिला अध्यक्ष का चुनाव


**श्योपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष का निर्वाचन 20 जुलाई को समाज के छात्रावास पर आयोजित होगा। इसका निर्णय महासभा की आयोजित बैठक में लिया गया यह जानकारी संस्था के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह तोमर ने प्रेस नोट जारी कर दी। प्रेस नोट में उल्लेखित है कि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा हो चुका है नई कार्यकारिणी गठित करने के लिए जो सदस्यता अभियान चलाया गया था वह भी पूर्ण हो गया है सभी की सहमति अनुसार अब नए अध्यक्ष के लिए निर्वाचन 20 जुलाई को जिला मुख्यालय स्थित क्षत्रीय समाज के छात्रावास पर आयोजित कराया जाएगा। जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह तोमर ने इस निर्वाचन प्रक्रिया में सहयोग करने की अपील सभी क्षत्रिय महासभा से जुड़े लोगों से की है।

### राह-वीर योजना में पुरस्कार दिलाने वाला मप्र का पहला जिला बना श्योपुर

# मुकेश और उदयभान बने राह-वीर मिला 25-25 हजार का पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर





घायलों को एक घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाने वाले नागरिकों का हौसला बढाने के लिए शासन की ओर से राह-वीर योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत श्योपुर जिले के दो युवक मुकेश मीणा निवासी हिरनीखेडा और उदयभान सिंह रावत निवासी गोहर राह-वीर के रूप में चयनित किए गए है। जिन्हें परिवहन विभाग की ओर से 25-25 हजार रूपए की नकद राशि बतौर पुरस्कार दी गई है। इसके साथही श्योपुर जिला राह वीर योजना में पुरस्कार दिलाने वाला मध्यप्रदेश का पहला जिला बन गया है। क्योंकि अप्रैल 2025 में शुरू हुई राह वीर योजना के तहत पहला पुरस्कार श्योपुर जिले में ही दिया गया है।

ट्रैफिक टीआई श्योपुर संजय सिंह राजपूत ने बताया कि 25 मई 2025 को रात्रि साढे 11 बजे के आसपास श्योपुर शहर में शिवपुरी रोड पर भाजपा कार्यालय के सामने बोलेरो की टक्कर से एक सडक दुर्घटना घटित हो गई थी,जिसमें मेला देखकर घर लौट रही वर्षा आदिवासी, सोमेश आदिवासी घायल हो गए थे। जिन्हें समाजसेवी मुकेश मीणा निवासी हिरनीखेडा और उदयभान रावत निवासी गोहर थाना वीरपुर ने गोल्डन ऑवर में जिला अस्पताल पहुंचकर भर्ती करा दिया और उपचार मिलने के बाद दोनो घायलों की जान बच गई। राह वीर योजना के तहत उक्त दोनो युवकों का नाम यातायात थाना पुलिस के द्वारा कलेक्टर अर्पित वर्मा की अध्यक्षता में बनी जिला स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा उक्त दोनों नामों को राह वीर योजना के तहत चयनित करते हुए परिवहन आयुक्त कार्यालय की ओर भेजा गया,जहां से उक्त दोनों युवको के बैंक खातो में 25-25 हजार रूपए की राशि भेज दी गई है।

# पत्नी की मौत के मामले में पति को 5 साल का कठोर कारावास, 20 हजार जुर्माना

### श्योपुर न्यायालय ने सुनाया फैसला, जेठ, जेठानी और सास को किया दोष मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

दो साल पहले फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाली एक महिला की मौत के मामले में अपना फैसला सुनाते हुए श्योपुर न्यायालय ने मृतिका के पति को 5 साल के कठोर कारावास की सजा सुना दी,साथही 20 हजार रूपए का जुर्माना भी रोपित कर दिया है। जबकि मृतिका की सास, जेठ और जेठानी को शंका का लाभ देते हुए दोष मुक्त कर दिया है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव एड ने की। यह मामला बरगवां थाना क्षेत्र के ग्राम पर्तवाडा का है, जहां 9 मई 2023 को महिला रामा पत्नी जितेन्द्र उर्फ डब्बू सिकरवार की संदिग्ध परिस्थितियों के बीच फांसी लगाने से मौत हो गई। मायके पक्ष के लोगो की शिकायत पर बरगवां थाना पुलिस ने जांच के बाद महिला रामा सिकरवार की मौत को आत्महत्या मानते हुए पति, सास और जेठ जेठानी के खिलाफ मामला दर्ज कर चालान श्योपुर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने विचारण के दौरान फांसी लगाकर जान देने वाली महिला रामा की मौत के लिए उसके पति जितेन्द्र उर्फ डब्बू सिकरवार निवासी पर्तवाडा को दोषी मानते हुए 5 साल का कठोर कारावास और 20 हजार के जुर्माने की सजा सुना दी। लेकिन सास राजकुमारी, जेठ लोकेन्द्र, जेठानी नीलम को सबूतो के अभाव में दोष मुक्त कर दिया।

### प्रदेश की नगर निकाय संस्थाओं में नपा श्योपुर को 303 वीं और नप बडौदा को मिली 203 वीं रैंक

# स्वच्छता सर्वेक्षण के नतीजे घोषित,बडौदा से भी ज्यादा फिसड्डी रही श्योपुर नगर पालिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

गुरुवार को घोषित हुए स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-2025 के नतीजों में इंदौर ने एक बार फिर देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। यह लगातार आठवीं बार है, जब इंदौर को देश का सबसे स्वच्छ शहर चुना गया है। इस बार इंदौर को सुपर लीग की श्रेणी में भी शामिल किया गया था। इसमें देश के उन 23 शहरों को जगह दी गई है जो अब तक के सर्वे में पहले, दूसरे या तीसरे स्थान पर रह चुके हैं। पूरे प्रदेश में इस खुशी को सेलिब्रेट किया जा रहा है वहीं श्योपुर जिले की बात करें तो जिले की प्रमुख नगर पालिका परिषद श्योपुर स्वच्छता की रैकिंग में बडौदा नगर परिषद से भी ज्यादा फिसड्डी रही है। स्वच्छता की रैकिंग के दौरान जहां नगर परिषद बडौदा को प्रदेश स्तरीय स्वच्छता रैंकिंग में 203 वी रैंक मिली है। वहीं नगर पालिका श्योपुर को 303 वे स्थान पर लुढ़क गई है। स्वच्छता की राष्ट्रीय रैंकिंग में भी बड़ौदा 266 वे स्थान के मुकाबले श्योपुर 267 स्थान हासिल कर एक पायदान अधिक गंदा शहर साबित हुआ है।

साफ सफाई की समस्या से जूझती श्योपुर नगरपालिका और बड़ौदा नगर परिषद स्वच्छता सर्वेक्षण रैकिंग 2024-2025 में किए गए सर्वे में जैसी उम्मीद की जा रही थी वैसे ही निर्णय सामने आए हैं। राष्ट्रीय रैंकिंग की बात करें तो श्योपुर 267 एवं बड़ौदा 266 नंबर पर है। यहां बड़ौदा श्योपुर से एक अंक अधिक स्वच्छ शहर माना गया है। वही प्रदेश स्तर की रैंकिंग में बड़ौदा ने 203 वां स्थान हांसिल किया है। तो श्योपुर ने 303 स्थान पर लुढ़ककर कर बड़ौदा से पूरे 100 अंक अधिक गंदा शहर साबित हुआ है। हालांकि प्रदेश में स्वच्छता सर्वेक्षण में इस बार इंदौर के साथ-साथ भोपाल और दूसरे शहरों को भी अच्छे पुरस्कार मिलने पर प्रदेश सरकार उत्सव मना रही है राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भोपाल पहुंचकर स्वच्छता सर्वेक्षण में अच्छा प्रदर्शन करने वाले शहरों को पुरस्कार देकर उनका मान सम्मान बढ़ाया है लेकिन श्योपुर जिले के बात करें तो यहां तो स्वच्छता सर्वेक्षण में संस्थाएं इतने नीचे है कि गिनना ही मुश्किल हो रहा है स्वच्छता सर्वेक्षण में इतना घटिया प्रदर्शन करने का असर कलेक्टर अर्पित वर्मा के ऊपर भी देखा गया। उन्होंने गुरुवार को अपने ऑफिस (कलेक्टरेट) और जिला अस्पताल पहुंचकर कर्मचारियों को साफ सफाई रखने और स्वच्छता का वातावरण निर्मित करने की नसीहत दी।



### कलेक्टर ने किया निरीक्षण, गंदगी पर जताई नाराजगी

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने गुरुवार को कलेक्टेट्र ओर जिला अस्पताल पहुंचकर साफ़ सफाई का जायजा लिया। कलेक्टर ने पहले कलेक्ट्रेट के विभिन्न कार्यालयों में पहुंचकर की जा रही कार्रवाई की जानकारी ली और कर्मचारियों को स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर जिला अस्पताल पंहुचे जहां उन्होंने आईसीयू वार्ड, जनरल वार्ड, पीआईसीयू वार्ड, नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई, पीडियाट्रिक वार्ड सहित ओपीडी का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होंने जिला अस्पताल के औषधी भण्डार का अवलोकन भी किया तथा रोगियों को निशुल्क रूप से वितरित की जा रही दवाओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान मौके पर मौजूद सीएमएचओ डॉ डीएस सिकरवार, सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल को स्वच्छता के लिए ओर अधिक प्रयास करने के निर्देश दिए।

### बड़ौदा ने किए प्रयास तो पछाड़ा 233 नगरों को

स्वच्छता सर्वेक्षण में भले ही बडौदा 266 अंक पाकर प्रदेश की अन्य नगर निकाय संस्थाओं से बहुत पीछे हो लेकिन वह इस सर्वेक्षण को भी अपनी उपलब्धि मान रही है। दरअसल 2023-2024 के सर्वेक्षण में बड़ौदा नगर परिषद को 494 स्थान पर रखा गया था और इस बार उसे 266 वे स्थान पर रखा गया है जो 233 वे स्थान का अधिक सुधार है इस उपलब्धि के लिए नगर परिषद अध्यक्ष भरोसी बाई सुमन और पूरी परिषद एवं कम और ताराचंद धूलिया ने सफाई कर्मचारियों को बधाई दी है।

# लावारिस हालत में मिली मानसिक विक्षिप्त गर्भवती महिला को पुलिस ने उसके परिजन से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर


देहात थाना क्षेत्र के सोंईकलां कस्बे में लावारिस हालत में घूमती मिली एक मानसिक विक्षिप्त महिला को महिला थाना पुलिस ने वन स्टॉप सेंटर में दाखिल कराने के बाद न सिर्फ उसके परिजन को ढूंढ निकाला,बल्कि परिजन को श्योपुर बुलाकर सकुशल महिला को उनके सुपुर्द भी कर दिया। महिला थाना टीआई यासमीन खान ने बताया कि कुछ दिन पहले सोंईकलां में एक महिला के लावारिस हालत में घूमने की सूचना मिली। जिसके बाद सोंईकलां पहुंचकर उक्त महिला थाने लाकर पूछताछ की गई। लेकिन महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त होने के बाद अपने परिजनों के बारे में कुछ बता नहीं पा रही थी। लेकिन वह गर्भवती भी थी। कुछ वन स्टाफ सेंटर में ठहराने और अस्पताल में जरूरी इलाज उपलब्ध कराने के बाद महिला से फिर से पूछताछ की तो उसने सिर्फ अपना नाम दीपा बताया तथा मेरठ(उ.प्र.) का होना बताया। इसके अलावा उसने न ही अपना स्थाई पता बताया न ही कोई मोबाइल नम्बर बता पाया। इसके बाद मेरठ पुलिस से संपर्क कर महिला के मेरठ निवासी परिवारजन का पता चलाया और उनको दीपा के संबंध में बताकर श्योपुर आने की सूचना दी। दीपा की बहन और जीजा के श्योपुर आने पर दीपा को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया। इस मामले में महिला थाना प्रभारी यासमीन खान के अलावा प्रआर. कुलदीप जोशी, निर्मला तिवारी, आरक्षक राय सिंह रावत, भारत, हेमराज की भी अहम भूमिका रही है।



## खबर संक्षेप

### विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**ललितपुर**। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला गोविंद नगर में विवाहिता ने मायके में सुबह सुसाइड नोट लिखकर फांसी लगा ली, जिससे



उसकी मौत है। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है व आगे की कार्रवाई करने में जुट गई है। बताया गया है कि कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला गोविंदनगर में शाबरीन पत्नी आमिर ने कमरे में सुसाइड नोट लिखकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया है कि महिला की शादी मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ में हुई थी। कुछ दिनों पूर्व ही महिला ससुराल से अपने मायके मोहल्ला गोविंदनगर में आई हुई थी।

### नाबालिग को भगा ले जाने वाला गिरफ्तार

**ललितपुर** । पुलिस अधीक्षक, मो मुश्ताक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एंव क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा कोतवाली ललितपुर पर पंजीकृत वाँछित अभियुक्त जितेन्द्र पुत्र राजू कुशवाहा उम्र करीव 19 वर्ष निवासी मु खिरकापुरा थाना कोतवाली जिला ललितपुर जनपद ललितपुर को गिरफ्तार किया है।

### नाबालिग किशोरी हुई लापता

**ललितपुर**। शहर क्षत्र के एक मोहल्ला में रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते बुधवार को उसकी 13 वर्षीय पुत्री प्रतिदिन की भांति अपराह्न 3 बजे साई मंदिर के पीछे स्थित कोचिंग सेंटर के लिए आजादपुरा निवासी अपनी सहेली के साथ गयी हुयी थी। ट्यूशन की छुटटी होने के बाद जब वह व उसकी सहेली घर नहीं पहुंची तो उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिली। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### युवा उद्यमी योजनाओं में भ्रष्टाचार के आरोप

**ललितपुर**। जनपद के न्याय दूत संगठन अध्यक्ष रामबाबू चौबे ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित एक प्रार्थना पत्र में सीएम द्वारा युवाओं के लिए चलाई जा रही उद्यमिता योजनाओं के कार्यान्वयन में गहरे भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उन्होंने पत्र में कहा है कि मुख्यमंत्री की योजनाओं में स्टार्टअप, मुद्रा और उद्यमिता विकास योजना के लक्ष्य को तोडने का काम जमीनी स्तर पर नियुक्त अधिकारी और कर्मचारी कर रहे हैं। सॉल्वेंसी और चरित्र प्रमाण पत्र हेतु आवेदन करते हैं, तो उन्हें महीनों तक सेवा शुल्क और दस्तावेजों की मांग के नाम पर लटकाया जाता है। जब आवेदन मंजूर हो जाते हैं, तब भी संबंधित संस्थाएँ युवाओं से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से दान के नाम पर राशि वसूलती हैं, जो न केवल विधि-विरोधी है, बल्कि मुख्यमंत्री की योजना का मूल उद्देश्य यानी प्रदेश को आर्थिक रूप से सशक्त करना को प्रभावित करता है। जिलाधिकारी ने इस संबंध में फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### उत्कर्ष भाजपा पुरानी शिवपुरी मंडल के मीडिया प्रभारी बने

**शिवपुरी**।भारतीय जनता पार्टी पुरानी शिवपुरी मंडल में



संगठनात्मक नियुक्तियों के तहत उत्कर्ष भार्गव को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंडल अध्यक्ष की ओर से जारी सूची में भार्गव का नाम मीडिया प्रभारी के रूप में घोषित किया गया। भार्गव लंबे समय से पार्टी से जुड़े हैं और संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते आए हैं।

---

### कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क के रजिस्टरों को चेक कर रखरखाव देखा

# पुलिस अधीक्षक ने थाना बार का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक द्वारा थाना बार का आकस्मिक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गय। थाना बार क्षेत्रान्तर्गत पीआरबी डायल 112 की सतर्कता को चेक कर सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा निर्देश थाना कार्यालय/महिला हेल्प डेस्क के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देश दिये गये । मुकदमों से संबंधित मालो का विधिक निस्तारण एवं सही रखरखाव,शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया गया। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब/मादक पदार्थों/पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत व समयबद्ध निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित कियागया। माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही व थाना स्तर पर टॉप-10 अपराधी व लूर की सतत निगरानी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। महिला सम्बन्धी अपराधों को रोकने के लिये सूचना पर त्वरित रूप से संज्ञान लेकर तत्काल अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही कर उनका निस्तारण करें तथा उपरोक्त प्रकरण की सूचना पर उच्चाधिकारियों को





देने हेतु निर्देशित किया गया । महिलाओं की सुरक्षा हेतु एन्टीरोमियो स्कॉवड व महिला बीट आरक्षियों को प्रतिदिन थाना क्षेत्र में भ्रमण हेतु आदेशित किया गया जिससे महिला सम्बंधी अपराध न हो पाए तथा शासन की जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करें । निकट भविष्य में पंचायती चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए अपराधियों पर आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही कर उन्हे ज्यादा से ज्याद धनराशि से पाबन्द कराने हेतु निर्देशित किया गया है । आगामी त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व शांति- व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। ऑपरेशन दृष्टि अभियान के तहत थानाध्यक्ष बार को थाना क्षेत्र में आमजन से संवाद कर मुख्य स्थानों, चौराहों, बाजारों व हॉटस्पॉट पर सीसीटीवी कैमरों का क्रियाशील कराना सुनिश्चित करें, जिससे अपराध नियंत्रण में सहयोग मिलेगा। थाना क्षेत्र में प्रमुख भीड़-भाड़ वाले चौराहों, सरार्फा बाजार, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आदि पेट्रोलिंग के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

#### निरोधात्मक कार्रवाई करने का निर्देश

लूट/चोरी/छिनैती आदि प्रकार की घटनाओं के पूर्व अपराधियों का भौतिक सत्यापन कर उनके विरूद्ध आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । जनपद में गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के अन्तर्गत सम्पति जब्तीकरण की कार्यवाही व इस अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत अभियोगों में वांछित/ वारन्टी / टॉप टेन/ अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही, करना सुनिश्चित करें । पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी ,अवैध विस्फोटक पदार्थों, अवैध शस्त्रों की बरामदगी, अवैध शराब निर्माण व बिक्री, जुआ, सट्टा के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जाये । किसी भी दशा में अवैध शराब /अवैध मादक पदार्थों की बिक्री न हो। थानाध्यक्ष बार को निर्देशित किया गया कि बीट प्रणाली को मजबूत करने हेतु स्वयं बीट कर्मचारियों को उनके बीट क्षेत्रों में किये कार्यों की प्रतिदिन समीक्षा करें । थानाध्यक्ष बार को निर्देशित किया गया कि यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन कराना सुनिश्चित करें एवं चेकिंग के दौरान बिना हेल्मेट/शराब पीकर/फर्राटे भरने वाले आदि वाहन चालको की चेकिंग कर आवश्यक कार्यवाही के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

#### डायल 112 वाहनों का निरीक्षण किया

पुलिस अधीक्षक ललितपुर द्वारा पीआरबी डायल 112 वाहनों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी कर्मचारियों की उपस्थिति, वाहनों की साफ-सफाई, उपकरणों की स्थिति, और तत्परता की गहन समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने डायल 112 कर्मियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक सूचना पर समयबद्ध, संवेदनशील व पेशेवर ढंग से कार्रवाई सुनिश्चित करें।

---

### 24 घंटे का अल्टीमेटम के बाद

# नहीं सुधरी सफाई व्यवस्था सीएमओ के कक्ष में जड़ा ताला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

शहर की सफाई व्यवस्था एवं कचरा का निष्पादन नियमित नहीं हो पाने के कारण शहर में फैली गंदगी को लेकर बुधवार को नगर पालिका में एक बैठक आयोजित हुई थी। जिसमें सीएमओ को सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए 24 घंटे का वक्त दिया गया था। लेकिन 24 घंटे बीत जाने के बाद भी जब शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार की मौजूदगी में नानक वार्ड पार्षद बीडी रजक ने नगर पालिका सीएमओ के कक्ष के गेट में ताला जड़ दिया।

जानकारी अनुसार दिसंबर से शहर के घर-घर से कचरा लेकर उसके निष्पादन करने का काम नगर पालिका ने एबी इंफ्रा कंपनी को दिया गया था। लेकिन कंपनी के द्वारा नियमित घरों से कचरा नहीं लेने एवं उसे निष्पादन नहीं कर पाने के कारण घरों का कचरा सड़कों पर फेंकने लगा था। सीएमओ आरपी जगनेरिया और एवी इंफ्रा कंपनी के संचालक को बुलाया गया। अध्यक्ष सकवार ने सीएमओ से कहा पूरा शहर गंदगी से परेशान है। बैठक में उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैंया,



सभापति संतोष राय सभापति जितेंद्र बोहरे सभापति भारती राय सभापति मधुलिका यादव, पार्षद विजय लेखरा पार्षद प्रतिनिधि विकास राजपूत, पार्षद प्रतिनिधि हरिओम चौबे, शुभम तिवारी, नवीन साहू, प्रहलाद यादव, अशोक राय, कैलाश आदि उपस्थित थे।

**24 घंटे का दिया था वक्त-** बुधवार को हुई बैठक में अध्यक्ष सकवार ने शहर की सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए सीएमओ को 24 घंटे का समय दिया था। सफाई व्यवस्था ठीक नहीं होने पर 24 घंटे बाद सीएमओ को नगर पालिका में प्रवेश नहीं करने की चेतावनी दी थी।

**पहले शहर का किया भ्रमण-** नगर पालिका में सीएमओ रामप्रकाश जगनेरिया के कक्ष में ताला जड़ने से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार, उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैंया, सभापति भारती राय, सभापति मधुलिका यादव, सभापति जितेंद्र बोहरे, पार्षद विजय लखेरा, पार्षद नीतू राय, शुभम तिवारी आदि मौजूद थे।

---

# यूपी कोटेदारों ने की अन्य राज्यों की तरह ही लाभांश की मांग, सीएम के नाम ज्ञापन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



उचित दर विक्रेताओं के सब्र का बांध उस समय टूट गया, जब पिछले छह माह का लाभान्श प्राप्त न होने और लाभान्श बढ़ाये जाने की मांगों को लेकर ऑल इण्डिया फेयर प्राइज शॉप डीलर एसोशियेशन ने कलेक्ट्रेट में जमकर प्रदर्शन किया। कोटेदारों ने प्रदर्शन करते हुये मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। मुख्यमंत्री को कोटेदारों ने अवगत कराया कि वर्तमान में फोन से फीडबैक लिया जा रहा है, जिसमें कोटेदारों के विरोधियों से उल्टा-सीधा जबाव दिया जाता है और जिसे फोन जाता है उसे जानकारी नहीं होती। इन्हीं कारणों के चलते कोटेदार का शोषण बढ़ता है। मांग की है कि सरकार किसी एक विभाग से जांच कराये, जिससे कोटेदारों का शोषण रूक सके। इसके अलावा कोटेदारों का लाभांश खाद्यान्न पर 90 रुपये प्रति कुन्तल, चीनी पर 70 रुपये प्रति कुन्तल ही मिलता है, जबकि अन्य प्रदेशों में हरियाणा में 200 रुपये कुन्तल, गोवा में 200 रुपये कुन्तल, दिल्ली में 200 रुपये कुन्तल, गुजरात में 20 हजार रुपये न्यूनतम दिया जा रहा है। इसलिए कोटेदारों ने अन्य की भांति लाभांश दिये जाने की मांग उठायी। बताया कि शासनादेश अनुसार डोर स्टेप डिलीवरी गुणवत्ता युक्त खाद्यान्न कोटेदार के यहां पहुंच कर दिया जाये और पूर्व में सभी बकाया का भुगतान किया जाये। कोटेदारों द्वारा ऑनलाइन वितरण किया जा रहा है, जबकि सत्यापन अधिकारी, वितरण अधिकारी, वितरण प्रमाण पत्र, स्टॉक रजिस्टर बंद किया जाये, जबकि राज्य सरकार द्वारा पेपरलैस का आदेश दिया जाये। स्वयं सहायता समूह के दुकान संचालन में सभी जिम्मेवारी होती है, संचालक द्वारा भाड़ा, बिजली बिल, मजदूरी भी दी जाती है और कमीशन का रुपया भी संचालक के खाते में दिया जाये। साथ ही एमडीएम और आईसीडीएम के खाद्यान्न पर भी एनएफएसए खाद्यान्न की भांति कमीशन प्राप्त करें। इन समस्याओं के जल्द निस्तारण की मांग उठाते हुये कोटेदारों ने अन्यथा की स्थिति में माह अगस्त का वितरण प्रथम तीन दिन रोक दिये जाने की चेतावनी दी है। ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष जुगल किशोर तिवारी, नगराध्यक्ष आलोक रिछारिया, संजय कटारे, नीरज जैन आदि मौजूद थे।

---

### उपजिलाधिकारी ने बिंदुबार दिए निर्देश

# अनुभागों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



सदर तहसील कार्यालय का उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार ने निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान विभिन्न अनुभागों की कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए। तहसील में लंबित आपदा से संबंधित पत्रावलियों की स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए आदेशित किया कि सभी आपदा प्रकरणों की रिपोर्टों को तत्काल निस्तारित किया जाए ताकि किसी भी आपदा प्रभावित व्यक्ति को तत्काल सहायता राशि उपलब्ध करायी जा सके निरीक्षण में यह पाया गया कि सामान्य प्रकृति की कई पत्रावलियाँ को अनावश्यक रूप से लंबित हैं। इस पर निर्देश दिए गए कि ऐसी सभी पत्रावलियों का निस्तारण तीन कार्य दिवसों के भीतर कर आख्या प्रस्तुत की जाए।

**न्यायालयीय आदेशों का अनुपालन**न्यायालय से प्राप्त आदेशों को अभिलेखों में तत्काल प्रविष्ट कर प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के न्यायालयों का पृथक निरीक्षण भी किया गया, जिसमें निर्देशित किया गया कि प्रत्येक पत्रावली को उसकी प्राथमिकता के अनुसार श्रेणीबद्ध कर पेशानी तैयार की जाए, जिससे वादों के शीघ्र निस्तारण में सहूलियत हो। नजरत अनुभाग में न्यायालयों से प्राप्त समन/तमीलों की प्रविष्टि एवं निष्पादन की स्थिति की समीक्षा की गई। संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक समन/तमील को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्यवाही के साथ निष्पादित किया जाए। संग्रह अनुभाग राजस्व वसूली की धीमी प्रगति पर नायब तहसीलदार को अमीन वार समीक्षा करने हेतु निर्देशित किया गया। तहसील स्तर पर शीर्ष 10 बकायेदारों की सूची तैयार कर नजरत पटल पर चस्पा की जाए। प्रत्येक अमीन को अपने क्षेत्र के 10 प्रमुख बकायेदारों की सूची तैयार कर राजस्व वसूली की कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी कि कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं उत्तरदायित्व की भावना से कार्य करें, अन्यथा उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा।

---

# नवांकुर सखी योजना के तहत हुई बैठक

**शिवपुरी**। जन अभियान परिषद द्वारा संचालित नवांकुर संस्था जतन उजाला सेवा संस्था के माध्यम से सेक्टर क्रमांक 03 में नवांकुर सखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें



ग्वालियर संभाग समन्वयक सुशील बरुआ उपस्थित रहे। उन्होंने चयनित 70 नवांकुर सखियों से चर्चा की। इस बैठक में जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक, शिवपुरी डॉ. रीना शर्मा एवं शिवपुरी जिले के 08 विकासखंड समन्वयक उपस्थित रहे। बैठक का संचालन संस्था अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा द्वारा किया गया। नवांकुर सखी जन अभियान परिषद का एक कार्यक्रम हैं। इसमें चयनित प्रत्येक सखी को 11 पौधे दिए जाएंगे, जिनकी वह देखरेख करेगी और अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ आदि आयोजन पर अपने क्षेत्र में वितरित करेगी। इससे हरियाली और पर्यावरण संरक्षित होगा कार्यक्रम के पश्चात संभागीय समन्वयक सुशील बरुआ व डॉ. रीना शर्मा ने मंदिर परिसर में पौधरोपण किया।

# भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने प्रदेशाध्यक्ष से भेंट की

कोलारस। कोलारस विधानसभा में भाजपा पार्टी और संगठन के महत्वपूर्ण पदों पर रहने वाले खरैह निवासी सुशील रघुवंशी विगत दिवस भोपाल रवाना हुए और भाजपा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से सौजन्य भेंट की। बता दें कि सुशील रघुवंशी भाजपा के शिवपुरी जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। भाजपा की शीर्ष नेतृत्व में उनकी क्षवि एक ईमानदार संगठन के नेता की है। प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल से मुलाकात के दौरान शिवपुरी जिले में विभिन्न विकास कार्या के लिए उन्होनें महत्वपूर्ण चर्चा की। इस अवसर पर सुशील रघुवंशी के साथ उनके कई समर्थक भी मौजूद रहे।



---

### कलेक्टर ने विभागों से मांगी जानकारी

# सार्थक एप से मुख्यालय पर न रुकने से बढ़ेगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

मध्यप्रदेश शासन द्वारा सार्थक एप के माध्यम से अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज कराए जाने के निर्णय को शिवपुरी कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने गंभीरता से लेते हुए ई-डिस्ट्रेक जिला शिवपुरी की प्रगति में एक बडा कदम उठाया है। कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी वैसे भी समय-समय पर विभागीय प्रिक्रियाओं की पार्दर्शिता के लिए नवाचार करते रहते हैं। मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी अभियानों में कलेक्टर चौधरी खुलकर परिश्रम करते हैं।

जिसके चलते कई राजस्व अभियानों में शिवपुरी जिले की खुली प्रशंसा भी की गई है। कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी की कार्यशैली सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को साथ लेकर चलने की है। जिस कारण समय-समय पर आने वाले अभियानों में वह अधिनस्त अमले से काम कराने में महारथ हासिल किए हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि शिवपुरी जिले को ई.-डिस्ट्रेक घोषित हुए कई साल बीत चुके हैं। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयास से उक्त उपलब्धी शिवपुरी जिले को पहले ही प्राप्त हो गई थी। जिसके चलते सभी शासकीय विभागों को ऑनलाईन प्रिक्रिया से कार्य करने



की पहल जारी हो गई थी। किंतु मुख्यालय पर बैठे अधिकारियों की उदासीनता के कारण यह पहल अधिक रंग नहीं ला सकी। जिसके चलते कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अब पूरे शिवपुरी जिले के शासकीय कार्यालयों में सार्थक एप को लागू करने का पत्र जारी कर दिया है और सभी विभागों से निश्चित प्रोफ ार्मा पर जानकारी मांगी गई है। अभी तक सिर्फ शिक्षकों की हाजरी ऑनलाईन दर्ज होने की पहल शिक्षा विभाग ने की थी।

किंतु शिक्षकों ने इसका काफी विरोध किया। जिसके चलते प्रशासन को सभी विभागों में सार्थक एप के माध्यम से कार्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की पहल शुरू हो गई है। सार्थक एप के द्वारा विभिन्न विभागों में प्रिक्रियाओं के पार्दर्शी रूप से संचालन हेतु मध्यप्रदेश शासन द्वारा सार्थक एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराए जाने का निर्णय लिया गया है।

---


### जिले के 220 हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों के शिक्षकों की ट्रेनिंग का समापन

# खेलों से संभव है मानसिक, बौद्धिक विकासः श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

बच्चों का शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास खेलों से ही संभव है। खेल में भाग लेने से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। इस प्रशिक्षण में जो भी सीखा है। उसको अपने विद्यालय में छात्रों को आवश्यक रूप से सिखाएं। प्रत्येक विद्यालय को खेल सामग्री दी जाएगी। यह बात जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव ने मंगलवार से शहर के शासकीय उमावि क्रमांक 2 में आयोजित हुए तीन दिवसीय फिजिकल ट्रेनिंग इंस्ट्रक्टरके प्रशिक्षण के समापन पर कही। इस मौके पर प्रशिक्षण के संयोजक रमसा के एडीपीसी राजा बाबू आर्य, जिला क्रीड़ा अधिकारी चंद्रशेखर बैमटे, क्रमांक 2 प्राचार्य अर्चना शर्मा, राजीव श्रीवास्तव, एक्सीलेंस उपप्राचार्य डॉ रतिराम धाकड़, मास्टर ट्रेनर यादवेंद्र सिंह चौधरी व मनोज गुप्ता तथा अशोकनगर से पधारे मास्टर ट्रेनर अनिल शर्मा व मनोज कुशवाहा सहित 152 शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

#### विद्यालय के सभी बच्चों को शारीरिक शिक्षा से जोड़ा जाए



अपर संचालक लोक शिक्षण भोपाल के निर्देश पर डीईओ विवेक श्रीवास्तव द्वारा शहर के शासकीय क्रमांक 2 स्कूल में तीन दिवसीय फिजिकल एजुकेशन ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। ट्रेनिंग के समापन अवसर पर शिक्षक.शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए रमसा के डायरेक्टर राजाबाबू आर्य ने शिक्षकों की सराहना करते हुए सभी शिक्षकों को विद्यालय पहुंचकर अपने कार्य में जुट जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि विद्यालय के सभी बच्चों को शारीरिक शिक्षा से जोड़ा जाए। कार्यक्रम में डीएसआई चंद्रशेखर बैमटे ने भी अधिक से अधिक बच्चों को शारीरिक शिक्षा से जोड़ने के लिए शिक्षकों को मोटिवेट किया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर यादवेंद्र चौधरी बबलू, मनोज गुप्ता व अशोक नगर के अनिल शर्मा व मनोज कुशवाहा द्वारा अनेक खेलों की बारीकियां से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में ग्राउंड पर ले जाकर प्रशिक्षणार्थियों को बैडमिंटन, रोप स्किपिंग, हैंडबॉल, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, गोला फेंक, खो खो.कबड्डी, गिल्ली डंडा, शतरंज, कैरम व सितोलिया आदि खेलों का सैद्धांतिक ज्ञान देते हुए प्रैक्टिकल कराया गया। उसके साथ ही माइंड फूलनेस योग और किसी भी टूर्नामेंट में पिक्चर्स कैसे डाले जाते हैं, इसकी जानकारी भी प्रशिक्षण में दी गई।